# वार्षिक परीक्षा 2023
## विषय — हिन्दी
## कक्षा—IX

**समय—2 घण्टा** **पूर्णांक : 70**

---

**नोट—सभी प्रश्न करना अनिवार्य है—**

1. **प्रश्न संख्या 1 से 20 का कार्य सही विकल्प चुनकर अपनी ओ.एम.आर. शीट पर गोला काला कीजिए—**

**खण्ड 'अ' बहुविकल्पीय प्रश्न** (1×20=20)

1. **गुनाहों का देवता किसका उपन्यास है ?**
   (क) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (ख) धर्मवीर भारती
   (ग) श्री राम शर्मा (घ) महादेवी वर्मा

2. **आधुनिक मीरा के नाम से कौन-सी लेखिका प्रसिद्ध हैं ?**
   (क) मीराबाई (ख) रानी हाड़ा
   (ग) पद्मावती (घ) महादेवी वर्मा

3. **हरिवंशराय बच्चन की रचना है—**
   (क) यामा (ख) चिदम्बरा
   (ग) सरस्वती (घ) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

4. **कामायनी के लेखक का नाम बताइए—**
   (क) धर्मवीर भारती (ख) काका कालेलकर
   (ग) जयशंकर प्रसाद (घ) मैथिलीशरण गुप्त

5. **आदिकाल को अन्य किस नाम से जाना जाता है ?**
   (क) भक्तिकाल (ख) रीतिकाल
   (ग) वीरगाथाकाल (घ) आधुनिक काल

6. **मीराबाई किस काल की कवयित्री हैं ?**
   (क) आधुनिक काल (ख) रीतिकाल (ग) भक्तिकाल (घ) आदिकाल

7. **पृथ्वीराज रासो रचना है ?**
   (क) जायसी (ख) चन्दबरदाई
   (ग) जगनिक (घ) नरपति नाल्ह

8. **सूरसागर के रचनाकार हैं—**
   (क) तुलसीदास (ख) कबीरदास (ग) सूरदास (घ) जायसी

9. **लक्ष्मी का स्वागत एकांकी का नायक है—**
(क) रोशन (ख) अरुण (ग) सुरेन्द्र (घ) पिता

10. **कबीरदास के गुरु का नाम था—**
(क) वल्लभाचार्य (ख) नरहरिदास
(ग) रामानन्द (घ) रामकृष्ण परमहंस

11. **तुलसीदास के बचपन का नाम था—**
(क) तुकाराम (ख) आत्माराम (ग) सीताराम (घ) रामबोला

12. **चिदम्बरा के लिए किस लेखक को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला—**
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) सुमित्रानन्दन पन्त
(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) प्रतापनारायण मिश्र

13. **पर्यायवाची शब्दों को और किस नाम से जाना जाता है ?**
(क) भिन्नार्थक शब्द (ख) समानार्थी शब्द
(ग) श्रुतिसम (घ) विपरीतार्थी शब्द

14. **रघुपति राघव राजा राम में कौन-सा अलंकार है ?**
(क) यमक (ख) अनुप्रास (ग) श्लेष (घ) रूपक

15. **वीर रस का स्थायी भाव है ?**
(क) भय (ख) शोक (ग) उत्साह (घ) हास

16. **काव्य की शोभा बढ़ाने वाले शब्दों को कहते हैं ?**
(क) छन्द (ख) अलंकार (ग) रस (घ) ये सभी

17. **मन्त्र कहानी के रचनाकार हैं—**
(क) प्रेमचन्द (ख) प्रतापनारायण मिश्र
(ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) महादेवी वर्मा

18. **कागभुशुंडि किसे कहते हैं ?**
(क) गिलहरी (ख) कौआ (ग) तोता (घ) हंस

19. **कस्तूरबा गाँधी किसकी पत्नी थीं—**
(क) राजीव गाँधी (ख) संजय गाँधी
(ग) वरुण गाँधी (घ) महात्मा गाँधी

20. **पंचवटी किसकी रचना है—**
(क) जयशंकर प्रसाद (ख) मैथिलीशरण गुप्त
(ग) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला (घ) हरिवंशराय बच्चन

**खण्ड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न**

1. **निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश के नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 6**

(क) "किसी लकीर को मिटाये बिना छोटी बना देने का उपाय है बड़ी लकीर खींच देना। क्षुद्र अहमिकाओं और अर्थहीन संकीर्णताओं की क्षुद्रता सिद्ध करने के लिए तर्क और शास्त्रार्थ का मार्ग कदाचित् ठीक नहीं है, सही उपाय है बड़े सत्य को प्रत्यक्ष कर देना।"

(1) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(2) उपर्युक्त गद्यांश की व्याख्या कीजिए।

(3) किसी लकीर को मिटाये बिना छोटा कैसे किया जा सकता है।

**अथवा**

(ख) "दुनिया में दो अमोघ शक्तियाँ हैं शब्द और कृति। इसमें कोई शक नहीं कि शब्दों ने सारी पृथ्वी को हिला दिया है, किन्तु अन्तिम शक्ति तो कृति की है। महात्मा जी ने इन दोनों शक्तियों की असाधारण उपासना की है। कस्तूरबा ने इन दोनों शक्तियों में से अधिक श्रेष्ठ शक्ति कृति की नम्रता के साथ उपासना करके सन्तोष माना और जीवन सिद्धि प्राप्त की।"

(1) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(2) उपर्युक्त गद्यांश की व्याख्या कीजिए।

(3) संसार में कौन-सी दो महान शक्तियाँ हैं।

2. **निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्यगत सौन्दर्यगत भी लिखिए।**

(क) "जब मैं था तब हरि नही, अब हरि हैं मैं नाहि
सब अंधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माँहि"

**अथवा**

(ख) "टूटे सुजन मनाइए, जो टूटे सौ बार
रहिमन फिरि-फिरि पोइए, टूटे मुक्ताहार"

3. **किन्हीं एक लेखक का जीवन परिचय लिखिए—**
(i) प्रेमचन्द (ii) महादेवी वर्मा (iii) हजारी प्रसाद द्विवेदी

4. **किन्हीं एक कवि का जीवन परिचय लिखिए—**
(i) मैथिलीशरण गुप्त (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) रहीमदास

4. **किसी एक संस्कृत पद्य का सन्दर्भ सहित अनुवाद कीजिए।**

(क) "असतो मा सद्गमय
तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योर्माऽमृतं गमय"

**अथवा**

(ख) "मनीषिणः सन्ति न ते हितैषिणः
हितैषिणः सन्ति न ते मनीषिणः"

5. **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए—**
(i) श्री कृष्णस्य पितुः किम् नाम आसीत् ?
(ii) रामः कसयां विद्यायां निपुणः आसीत् ?
(iii) रामकृष्ण परमहंसः कीदृशः पुरुषः आसीत् ?

6. **निम्न दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिये—**
आज, दिन, साधारण, उपकार

7. **निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—**
आकाश, कमल

8. **निम्न दो शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए—**
मोर, हाथ, फूल, सूरज

9. **दीपदान एकांकी के आधार पर पन्ना धाय का चरित्र चित्रण लिखिये।**

10. **अवकाश के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना पत्र लिखिये।**

11. **वीर रस अथवा शृंगार रस की परिभाषा लिखिए।**

12. **दोहा छन्द अथवा चौपाई छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।**

13. **अव्ययी भाव समास का एक उदाहरण लिखिये।**

14. **किन्हीं दो शब्दों का सन्धि विच्छेद कीजिए—**
(i) यद्यपि (b) रमेश (c) परमात्मा

15. **यमक अलंकार अथवा अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।**

16. **किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिये—**

(क) अनुशासन (ख) पर्यावरण

(ग) भ्रष्टाचार (घ) कम्प्यूटर के लाभ